गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री श्री आशीष सूद, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियोंकी उपस्थिति में लॉ एंड आर्डर और समन्वय पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपेक्षाओं के अनुरूप विकसित दिल्ली–सुरक्षित दिल्ली के लिए दोगुनी गति से काम करेगी

दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के देश में घुसने से लेकर उनके डॉक्यूमेंट बनवाने और यहाँ रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो

अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इसमें पूरी सख्ती के साथ काम हो और इन्हें चिन्हित कर डिपोर्ट किया जाए

लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और सब-डिविज़न्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए

गृह मंत्री ने कहा, दिल्ली में Interstate gangs को रुथलेस

अप्रोच के साथ समाप्त करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता हो

नार्कोटिक्स के मामलों में टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच के साथ काम करें और इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करें

गृह मंत्री ने निर्देश दिए, दिल्ली में कंस्ट्रक्शन से संबंधित मामलों में दिल्ली पुलिस की परमिशन की जरुरत नहीं होगी

2020 दिल्ली दंगों के मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिल्ली सरकार विशेष अभियोजक नियुक्त करे जिससे इन मामलों का जल्द निपटान हो सके

दिल्ली पुलिस अतिरिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करे

गृह मंत्री ने कहा, डीसीपी स्तर के अधिकारी थाने लेवल पर जाकर जन-सुनवाई कैंप लगायें और जनता की समस्याओं का निराकरण करें

जेजे क्लस्टर्स में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से नई सुरक्षा समितियां बनाई जाएँ

दिल्ली पुलिस रोजाना जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करे और दिल्ली पुलिस कमिश्नर व मुख्य सचिव बैठक कर इसका त्वरित हल निकालें, जिससे जनता को राहत मिल सके

जलभराव के स्थानों को चिन्हित कर इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार 'मॉनसून एक्शन प्लान' बनाए

प्रविष्टि तिथि: 28 FEB 2025 7:02PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की उपस्थिति में लॉ एंड आर्डर और समन्वय पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दिल्ली सरकार के गृह मंत्री श्री आशीष सूद, केन्द्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, आसूचना ब्यूरो के निदेशक सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय, दिल्ली सरकार एवं दिल्ली पुलिस के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के दौरान दिल्ली में महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराधों पर नियंत्रण करने से संबंधित कई सुझावों और उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस के कार्यों की समीक्षा करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अन्य क्षेत्रों में अच्छा काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अपेक्षाओं के अनुरूप विकसित दिल्ली – सुरक्षित दिल्ली के लिए दोगुनी गति से काम करेगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने निर्देश दिए कि दिल्ली में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या घुसपैठियों के भारत में घुसने से लेकर उनके डाक्यूमेंट्स बनवाने और उन्हें यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इसमें पूरी सख्ती के साथ काम हो और उन्हें चिन्हित कर डिपोर्ट किया जाये।

श्री अमित शाह ने कहा कि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और सब-डिविज़न्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि खोया-पाया, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, चरित्र सत्यापन, ट्रैफिक, वरिष्ठ नागरिकों और हिम्मत एप्प के बारे में लोगों की संतुष्टि के स्तर को जानना बेहद ज़रूरी है और इसके लिए एक थर्ड पार्टी सर्वे कराया जाना चाहिए।

श्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में Interstate gangs को रुथलेस अप्रोच के साथ समाप्त करना दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था को सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि डीसीपी स्तर के अधिकारी थाने लेवल पर जाकर जन-सुनवाई कैंप लगायें और जनता की समस्याओं का निराकरण करें। श्री शाह ने कहा कि सभी ACPs अपने नीचे आने वाले थानों में गंभीर केसों की स्वयं मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष तक दिल्ली पुलिस प्रत्येक तीन महीने के अंतराल में अपराधों के खिलाफ विशेष ड्राइव चलाएं और इसे आगे चलकर प्रत्येक डेढ़ महीने के भीतर चलाए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नार्कोटिक्स के मामलों में टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप अप्रोच के साथ काम करें और इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की ज़रूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि दिल्ली में कंस्ट्रक्शन से संबंधित मामलों में दिल्ली पुलिस की परमिशन की जरुरत नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जेजे क्लस्टर्स में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से प्रायोगिक तौर पर 25 सुरक्षा समितियां बनाई जाएं और इन्हें परिणाम देखकर आगे बढ़ाया जाए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली सरकार से आगामी मॉनसून के दौरान होने वाली संभावित जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मॉनसून एक्शन प्लान बनाने को कहा।

श्री अमित शाह ने निर्देश दिए कि खराब होने वाली बसों के कारण लगने वाले जाम को रोकने के लिए डीटीसी QRTs की तैनाती कर सभी विभागों के साथ समन्वय कर नज़दीक की टीम से तुरंत मदद ले और बस को हटाने में लगने वाले समय को कम करने के प्रयास करे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि दिल्ली की तिहाड़ और मंडोली जेलों को मॉडल जेल बनाने के प्रयास हों। उन्होंने दिल्ली पुलिस को अतिरिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिल्ली सरकार विशेष अभियोजक नियुक्त करे जिससे इन मामलों का जल्द निपटान हो सके।

श्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार आपसी सहयोग से ही देश की राजधानी को अपराधमुक्त कर एक आदर्श राजधानी बना सकती हैं।उन्होंने यातायात प्रबंधन पर साझा प्रयास, कानून प्रवर्तन की आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, महिला एवं बाल सशक्तीकरण, सिविक विभागों के बीच परस्पर सहयोग, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सामुदायिक पुलिसिंग, सीसीटीवी कैमरों के रख-रखाव और एकीकरण आदि की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया।

***

**आरके / वीवी / आरआर**

(रिलीज़ आईडी: 2107052) आगंतुक पटल : 70

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English